गुड़गांव, 13 दिसंबर

विश्वहिंदू परिषद् के अध्यक्ष अशोक सिंघल ने कहा कि आत्मसंयम हमारी संस्कृति का मूल आधार है। आत्म संयम से हो विश्व में शांति की स्थापना हो सकती है। सभी धार्मिक संस्थाओं का उददेश्य शांति स्थापित कर भारत को फिर से स्वर्ग बनाना है। हमारा उददेश्य है कि नई ऊंचाईयों को छूकर भारत फिर से स्वर्णिम भारत बन जाए। ब्रह्माकुमारीज संस्था द्वारा दी जा रही आत्मसंयम एवं पवित्रता की शिक्षा इस दिशा में एक सराहनीय कदम है। वे भोडाकलां स्थित ब्रह्माकुमारीज ओमशांति रिट्रीट सेंटर में आयोजित दसवें वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। इससे पूर्व मुख्यातिथि श्री सिंघल, ब्रह्माकुमारीज की संयुक्त प्रशासिका बीके रतनमोहिनी दादी, ज्वाईंट सेक्रेटरी बीके बृजमोहन, ओआरसी की डायरेक्टर बीके आशा एवं अन्य अतिथिगण ने दीप प्रजवल्लित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस अवसर पर पंडित पुलकित मिश्रा ने नृत्य प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। गिनीज बुक वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर महाराष्ट्र की संजीवनी ने भरतनाटयम नृत्य प्रस्तुत कर सभी को तालियां बजाने को मजबूर कर दिया।

विश्व एक परिवार : ब्रह्माकुमारीज की संयुक्त प्रशासिका बीके रतनमोहिनी दादी ने कहा कि हमें प्राचीन संस्कृति को फिर से जागूत कर पूरे विश्व को भाई-चारा, प्रेम, सदभाव की डोरी में पिरोना है। इसके लिए हमें सभी को एक परिवार की दृष्टि से देखना होगा। क्योंकि सारा विश्व एक परिवार के समान है। ब्रह्माकुमारीज इसी भागीरथी प्रयास में जुटी है। विशिष्ट अतिथि स्वामी ब्रह्मदेव ने कहा कि शांति पाने के लिए स्वयं को पहचानना होगा। इसके लिए हमें स्वयं की चेतना का विकास करना होगा। प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय भी विश्व में शांति स्थापित करने के प्रयास में जुटी है जो सराहनीय है। विशिष्ट अतिथि वीपी बजाज एवं राजशेखर पिल्ले ने कहा कि परमात्मा की याद में किया गया हर कर्म सही होता है।

फोटो 1 गुड़गांव : ब्रह्माकुमारीज ओआरसी के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में संबोधित करते हुए मुख्यातिथि एवं वीएचपी के अध्यक्ष अशोक सिंघल

फोटो 2 गुडगांव : ब्रह्माकुमारीज ओआरसी के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में दीप प्रजवल्लित करते हुए वीएचपी के अध्यक्ष अशोक सिंघल, ब्रह्माकुमारीज की संयुक्त प्रशासिका बीके रतनमोहिनी, बृजमोहन, बीके आशा एवं अन्य अतिथिगण

फोटो 3 फोटो गुडगांव : ब्रह्माकुमारीज ओआरसी के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में नृत्य प्रस्तुत करती हुई गिनीज बुक रिकॉर्ड होल्डर संयोजिका

फोटो 4 फोटो गुडगांव : ब्रह्माकुमारीज ओआरसी के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में उपस्थित श्रोतागण